भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3546
(10 दिसंबर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

ग्रामीण क्षेत्र में फिट इण्डिया मूवमेन्ट

3546. श्री गोपाल शेट्टीः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने देश के सुदूर क्षेत्रों में 'फिट इण्डिया मूवमेन्ट' को लागू करने के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के साथ समन्वय से कोई रूपरेखा तैयार की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) अब तक इस संबंध में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग) : युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए "फिट इंडिया मूवमेंट" के लिए दर्शाए गए कार्यकलापों की सूची की प्रतिक्रिया में ग्रामीण विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय ने निम्नलिखित कार्यकलाप शुरू किए हैं:-

i. मंत्रालय ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अनुरोध किया था कि वे दिनांक 29.08.2019 को 'फिट इंडिया' अभियान की शुरूआत के दौरान शपथ दिलाने की कार्रवाई करें।

ii. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अनुरोध किया गया था कि वे प्रत्येक ग्राम पंचायत में 02 अक्टूबर, 2019 को 2 कि.मी. या इससे अधिक के लिए 'फिट इंडिया रन' या 'वॉकिंग फास्ट' स्पर्धाएं आयोजित कराएं।

iii. पंचायती राज मंत्रालय ने खेल विभाग से अनुरोध किया था कि वह कार्यकलापों की सूची में ग्राम पंचायतों के वार्ड सदस्यों/पंचों को "ग्रामीण खेल और फिटनेस समन्वयक" के रूप में पदनामित करने, ग्राम सभाओं में फिट इंडिया मूवमेंट पर चर्चा कराने; "ग्रेट विलेज रन या ग्रामीण महादौड" का बैनर लगाकर विलेज रन आयोजित कराने और ग्राम पंचायतों में उपयुक्त खेल के मैदानों का निर्धारण करने जैसे विशिष्ट कार्यकलापों को शामिल करे तथा ग्राम पंचायत के पास उपलब्ध 14वें वित्त आयोग की निधि से उनका अनुरक्षण/विकास करे।

*****